*This question paper contains 8 printed pages.*

**4400** Your Roll No. ..............................

**B.A. (Programme) / I** **E–I**

HINDI LANGUAGE (B)— Paper I

हिंदी भाषा (ख)— प्रश्नपत्र I

(A-136)

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

**टिप्पणी:—** *इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/ Non-formal Cell के कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिये नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, आनुपातिक रूप में, कम होंगे।*

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं।

   किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 10+10

   (क) स्वीकृति और अनुताप— ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं। यदि हमसे कोई भूल हो जाए और उस भूल को हम स्वीकार कर लें, यदि हमसे कोई अपराध हो जाए और हम उसे मान लें, यदि हमारे हृदय में धड़कन उत्पन्न न

हो कि हमारे दोष स्वीकार कर लेने से हम लोगों की दृष्टि में गिर जाएंगे, तो उस दिन हम समझेंगे कि आज हमारे विजय का दिवस है। दोषों के स्वीकार कर लेने से हम अपने आत्मबल का परिचय देते हैं। हमारे पूजनीय महात्मा गाँधी सदा-सर्वदा इस बात को अपने सामने रखते हैं कि कभी मनसा-वाचा-कर्मणा कोई ऐसी बात न हो जाए जो अनुचित हो। और यदि इतना होने पर भी वह जान लेते हैं कि कहीं कोई भूल हुई है तो अपने दोष को तुरंत स्वीकार कर लेना अपना आद्य कर्त्तव्य समझते हैं।

(i) इस गद्यांश के पाठ और रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) लेखक ने मनुष्य के विजय का दिवस किसे माना है ?

(iii) कौन-सी दो भावनाएँ हृदय को बल देती हैं ?

(iv) महात्मा गाँधी अपना आद्य कर्त्तव्य किसे मानते हैं ?

(ख) अगर मुझसे पूछा जाए कि किस देश के मानवी मस्तिष्क ने अपने कुछ सर्वोत्तम गुणों का अधिक-से-अधिक पूर्ण विकास किया है, जीवन की बड़ी-से-बड़ी समस्याओं पर अत्यन्त गम्भीरता के साथ विचार किया है और उनके ऐसे हल प्राप्त किए हैं जो प्लेटो और कांट के दर्शनशास्त्र का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए भली-भांति विचार करने योग्य हैं, तो मैं कहूँगा कि वह देश भारत है। और अगर मुझे अपने आप से पूछना हो कि यूरोप के हम लोग, जो लगभग यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति– यहूदी– के विचारों मात्र पर ही पालित-पोषित हुए हैं, वह संशोधन

कहाँ के साहित्य से प्राप्त कर सकते हैं, जो हमारे जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक, दरअसल अधिक सच्चे रूप में मानवीय ..... बनाने के लिए नितान्त आवश्यक है, तो मैं पुनः भारत की ही ओर संकेत करूँगा।

(i) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) इस अनुच्छेद में किन दार्शनिकों का उल्लेख किया गया है ?

(iii) यूरोप के लोग किनके विचारों पर पालित-पोषित हुए हैं ? क्या उनमें संशोधन की आवश्यकता है ?

(iv) जीवन को सच्चे रूप में मानवीय बनाने के लिए यूरोप के लोगों को किसका अनुकरण करना चाहिये ?

(ग) मैं सोचता रह गया। जिनका सब कुछ अभी इस नर्मदा ने नष्ट कर दिया है, उसी की 'जय' बोल रहे हैं। यह क्या मामला है ? मुझे याद आया, कृषि सभ्यता से यह श्रद्धा चली आ रही है। यह भारतीय मानस से मिटेगी नहीं। नदी जीवनदायिनी भी है और विनाशकारिणी भी। पर विनाश के बाद जीवन वहीं फिर बस जाता है और नए विनाश की राह देखता है। विनाश को भूलकर जीवन फिर वहीं आ जाता है। जिजीविषा बड़ी प्रबल होती है। मनुष्य मृत्यु पर विजय पाने की हर क्षण कोशिश करता है, घायल हो जाता है, पर फिर लड़ने को तैयार हो जाता है।

(i) इस गद्यांश के पाठ और रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) लेखक क्या सोचता रह गया और क्यों ?

(iii) नदी जैसी प्राकृतिक सम्पत्ति के प्रति लोगों की अटूट आस्था का क्या कारण है ?

(iv) नदी के 'जीवनदायिनी' और 'विनाशकारिणी' रूप के अंतर्विरोध को स्पष्ट कीजिए।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 10

(i) हिमालय को पृथ्वी का मानदण्ड किसने और क्यों कहा है ? *(कुटज)*

(ii) दिल्ली दरबार और बालक शिवशम्भू के स्वप्न में क्या समानता है ? *(शिवशम्भू के चिट्ठे और खत)*

(iii) मनुष्य अपनी भूल को क्यों छिपाता है ? *(अनुताप की महिमा)*

(iv) शहीद रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक की आखिरी इच्छा क्या थी ? *(बिस्मिल का अंतिम संदेश)*

(v) भारत और पश्चिमी देशों के शुभकामना संदेशों की मूल भावना में क्या अंतर है ? *(शुभकामना : एक जीवन तत्त्व)*

(vi) 'फिर उसी नर्मदा मैया की जय !' संस्मरण के लेखक कौन हैं ? यह संस्मरण लेखक के जीवन की किस घटना पर आधारित है ?

(vii) आज ईश्वर की विश्वसनीयता क्यों कम हुई है ? *(नैतिकता का स्रोत)*

3. '*परख*' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 15

(i) कट्टो कौन थी ? उसे यह नाम किसने दिया था ?

(ii) वह कौन-सी घटना थी जिसने कट्टो के रस भरे जीवन का अंत कर दिया ?

(iii) सत्यधन ने वकालत न करने का फैसला क्यों लिया ?

(iv) मास्टर सत्यधन के जाते वक्त कट्टो उन्हें क्या देना चाहती थी ?

(v) सत्यधन ने गरिमा से विवाह क्यों किया ?

(vi) 'आज मेरा विवाह पूर्ण हुआ' किसने, किससे और क्यों कहा ?

(vii) सत्यधन ने जीवन के लिए कौन-से आदर्श निश्चित किए ?

**अथवा**

'दस तसवीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) स्काउटिंग का नारा और नियम क्या थे ?
*(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी)*

(ii) भादुड़ी से लेखक की मुलाकात कब और कैसे हुई ?
*(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)*

(iii) अध्यापक के रूप में पीयर्स की सफलता के कारण बताइए। *(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ०जी० पीयर्स)*

(iv) प्रयाग विश्वविद्यालय के फ्राइडे क्लब का क्या महत्त्व था ?
(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(v) 'हाउस पद्धति' क्या है ? *(लक्ष्मीनारायण : मेरे पिता)*

(vi) लेखक को लार्ड साहब में आदर्शवाद किस रूप में दिखाई देता है ?

*(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लार्ड)*

(vii) डॉ० सिन्हा की चरित्रगत विशेषताएँ बताइए।

*(सच्चिदानंद सिन्हा : एक जन्मजात चक्रवर्ती)*

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए: 5

(i) पराधीन सपनेहु सुख नाहीं

(ii) अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत

(iii) नर हो न निराश करो मन को।

(ख) अखबारी हिन्दी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

5. किसी **एक** विषय पर विचार प्रस्तुत कीजिए: 8

(i) वर्तमान राजनीति और युवा शक्ति

(ii) मीडिया का सामाजिक प्रभाव

(iii) वैश्विक आतंकवाद।

6. कार्यालयी हिन्दी **अथवा** संक्षेपण की विशेषताएँ लिखिए। 7

7. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसकी विशेषताएँ बताइए। 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए वर्णक्रमानुसार लिखिए: 5

प्रसन्न, स्वयं, उपसंहार, विकास, कारण, लघु, ज्ञान, अनुच्छेद, सफल, संयम।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **चार** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए: 4

(i) वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य)

(ii) राम भला आदमी है। (निषेधात्मक वाक्य)

(iii) कमाने वाला खाएगा। (मिश्र वाक्य)

(iv) जब बारिश होती है तब फूल खिलते हैं। (सरल वाक्य)

(v) यह पुस्तक आपकी है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(vi) बच्चे खाना खायेंगे। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(ख) निम्नलिखित का वाच्य-परिवर्तन कीजिए: 4

(i) मैं रोटी खाता हूँ। (कर्मवाच्य)

(ii) शेखर सोता है। (भाववाच्य)

(iii) गीता ने पुस्तक पढ़ी (कर्तृवाच्य)

(iv) वह अब नहीं नाच पाता है। (भाववाच्य)

(ग) निम्नलिखित के परिवर्णी (पूर्णरूप) लिखिए: 4

(i) दि०वि०वि०

(ii) डी०डी०ए०

(iii) रा०ज०ग०

(iv) बी०एस०एफ०

(घ) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:

वयंजन, ओपनिवेशीक, उज्जवल, अनेकारथी 4

(ङ) निम्नलिखित में से **चार** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए: 4

दिन, समुद्र, चंद्रमा, पेड़, दोस्त, फल, हवा, पहाड़